फर्द अहकाम

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी सिकराय जिला दौसा

भरतलाल बनाम कैलाश वगै0

किस्म मुकदमा–94ग सी0पी0सी0 मु0नं0–62 / 2023

पीठासीन अधिकारी– डॉ0 नवनीत कुमार (आर0ए0एस0)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16.04.2025	पत्रावली वास्ते निर्णय प्रार्थना पत्र हेतु पेश हुई। वकील उभयपक्ष उपस्थित। उभयपक्ष अधिवक्तागण की बहस का मनन किया गया। पत्रावली एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात एवं संबंधित पत्रावलीयों का अवलोकन किया गया। प्रार्थीगण द्वारा प्रकरण में न्यायालय हाजा में चल रहे उनवानी प्रकरण भरतलाल बनाम कैलाश वगै0 मु0न0 75 / 2023 अस्थाई निषे0 में जारी आदेश दिनांक 20.06.2023 की अवेहलना अप्रार्थीगण द्वारा किए जाने से यह प्रार्थना पत्र न्यायालय हाजा के समक्ष पेश किया गया है। एवं अनुतोष चाहा गया है कि न्यायालय के आदेश दिनांक 20.06.2023 की अवेहलना करने के कारण अप्रार्थीगण के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने के साथ साथ मौके पर फर्द मौका पत्थरगढी दिनांक 01.06.2023 की स्थिति कायम करवाई जावे। अप्रार्थीगण के जवाब का अवलोकन किया गया। अप्रार्थीगण द्वारा निवेदन किया गया है कि आदेश दिनांक 20.06.2023 बाबत मिन जवाबदातागण को ना तो न्यायालय द्वारा ना ही किसी प्रकार की जानकारी दी गई। उक्त दिनांक के आदेश एकपक्षीय है। पक्षकारान के मध्य न्यायालय हाजा में ही विवादित भूमि के संबंध में दुरूस्ती बाबत वाद भी विचाराधीन है। इसलिए प्रार्थना पत्र खारिज किया जावे। उभयपक्ष अधिवक्तागण की बहस एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। न्यायालय की राय मे प्रार्थीगण द्वारा ऐसा कोई दस्तावेज पेश नहीं किया है जिससे यह बखूबी साबित होता हो कि आदेश दिनांक 20.06.2023 की तामील अप्रार्थीगण को की गई हो, उक्त आदेश दिनांक 20.06.2023 एकपक्षीय आदेश था। तथा पत्थरगढी जिसकी दिनांक 01.06.2023 स्थिति की बहाली चाही गई है वह मूल आदेश ही माननीय न्यायालय अति0 संभागीय आयुक्त महोदय द्वारा खारिज किया जा चुका है। ऐसी स्थिति मे प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र खारिज योग्य है। अतः प्रार्थीगण द्वारा पेश प्रार्थना पत्र अ0धा0 94ग सी0पी0सी0 खारिज किया जाता है। निर्णय मेरे द्वारा आज दिनांक 16.04.2025 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। उपखण्ड अधिकारी सिकराय जिला दौसा	उपखण्ड अधिकारी एवं उप जिला ... सिकराय जिला–दौसा (राज.)